आदर्श प्रश्न पत्र - 3

**हिन्दी (व्याकरण)**

**कक्षा - 9**

समय : 45 मिनट | अंक : 25

---

उत्तरकुंजी

1. संबंधबोधक शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 3

   1. पेड़ के ऊपर पक्षी बैठे हैं।
   2. विमला के पास सौ रुपये हैं।
   3. विद्यालय के अंदर पुस्तकालय है।

2. निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 3

   - उपवन - बाग,बगीचा
   - कन्या - पुत्री, बेटी
   - जल - नीर, पानी

3. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद बताइए : 3

   1. मैं कक्षा आठ में पढ़ता हूँ। - उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम
   2. उन्हें सबका स्नेह मिला । - अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम
   3. तुम मन लगाकर पढ़ाई करो। - मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम

4. संज्ञा शब्दों से नाम धातु शब्द बनाइए: 2

| संज्ञा | नामधातु |
|---|---|
| लाज | लजाना |
| शर्म | शर्माना |
| बात | बतियाना |
| झूठ | झुठलाना |

5. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए : 3

1. नानी द्वारा कहानी सुनाई जाएगी। (कर्तृवाच्य )
उत्तर : नानी कहानी सुनाएगी।

2.हेमा ने परीक्षा में प्रथम स्थान पाया। ( कर्मवाच्य )
उत्तर : हेमा द्वारा परीक्षा में प्रथम स्थान पाया गया।

3.चलो, ज़रा खेलें । ( भाववाच्य )
उत्तर : चलो, ज़रा खेला जाए।

6. निम्नलिखित विस्मयादिबोधक अव्ययों का वाक्य में प्रयोग कीजिए: 3

1. जी हाँ! - जी हाँ ! यह काम मैंने ही किया है।
2. शाबाश ! - शाबाश! बेटा तुमने तो कमाल कर दिया।
3. अरे! - अरे ! चाचा जी, आप कब आए ।

7. विशेषणों की अवस्थाएँ लिखिए: 3

| | मूलावस्था | उत्तरावस्था | उत्तमावस्था |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रिय | प्रियतर | प्रियतम |
| 2. | तीव्र | तीव्रतर | तीव्रतम |
| 3. | कठिन | कठिनतर | कठिनतम |

8. निम्नलिखित गधांश को ध्यान से पढ़कर, उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखें। उत्तर यथासम्भव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए : **5**

अमृतराय को किताबों से बहुत प्रेम था। मुमकिन न था कि नयी किताब प्रकाशित हो और उनके पास न आवे। उत्तम कलाओं से भी उनकी तबीयत को बहुत लगाव था। गान-विद्या पर तो वे जान देते थे। वकालत पास कर चुके थे मगर अभी वह विवाह नहीं हुआ था। उन्होंने ठान लिया था कि जब वह वकालत खूब न चलने लगेगी तब तक विवाह न करूँगा। उस शहर के रईस लाला बदरीप्रसाद साहब उनको कई साल से अपनी इकलौती लड़की प्रेमा के

वास्ते, चुन बैठे थे। प्रेमा अति सुंदर लड़की थी और पढ़ने लिखने , सीने पिरोने में निपुण थी। अमृतराय के इशारे से उसको थोड़ी सही अंग्रेजी भी पढ़ा दी गयी थी जिसने उसके स्वभाव में थोड़ी-सी स्वतंत्रता पैदा कर दी थी।

-प्रेमचंद

1. अमृतराय को किससे बहुत प्रेम और लगाव था ? **1**

उत्तर : अमृतराय को किताबों से बहुत प्रेम था। उत्तम कलाओं से भी उनकी तबीयत को बहुत लगाव था। गान.विद्या पर तो वे जान देते थे।

2. अमृतराय ने क्या ठान लिया था ? **1**

उत्तर : अमृतराय ने ठान लिया था कि जब वह वकालत खूब न चलने लगेगी तब तक विवाह न करेंगे।

3. प्रेमा में कौन - कौन से गुण थे ? **2**

उत्तर : प्रेमा अति सुंदर लड़की थी और पढ़ने लिखने ,सीने पिरोने में निपुण थी। अंग्रेजी पढ़ लेने पर उसके स्वभव में स्वतंत्रता आ गई थी।

4. स्वतंत्रता शब्द का विलोम शब्द लिखिए। **1**

- स्वतंत्रता **x** परतंत्रता